<u>**सी ओ ई - जी डी सी संजौली, शिमला - 6**</u>

**राष्ट्रीय** <u>**कैडेट कोर 7 एच पी इंडिपेंडेंट कम्पनी**</u>

<u>**"आज़ादी का अमृत महोत्सव : हर घर तिरंगा महा -अभियान**</u>

<u>**'तिरंगे' के अभिकल्पक श्रद्धेय पिंगली वेंकय्या को उनकी जयंती पर श्रद्धांजलि"**</u>

<u>**02/08/2022**</u>

भारत के प्रधानमंत्री **माननीय नरेंद्र मोदी** ने देश की **आजादी** की **75 वीं वर्षगांठ पर आजादी के अमृत महोत्सव** को मनाने के दौरान देश के प्रत्येक नागरिक को अपने घरों में तिरंगा लगाने और/इसे फहराने के लिए प्रोत्साहित करने के लिए **हर घर तिरंगा अभियान** शुरू किया है। **केंद्रीय संस्कृति मंत्रालय** ने **हर घर तिरंगा योजना** के लिए लोगों को और अधिक उत्साहित एवं जागरूक करने के लिए एक वेबसाइट लॉन्च की है। जिसमें देश का कोई भी नागरिक झंडा लगा सकता है और अपने देशभक्ति को दिखाने के लिए तिरंगा झंडा के साथ सेल्फी लेकर इस वेबसाइट पर पोस्ट कर सकता है। इसी कढ़ी में **सी ओ ई-जी डी सी संजौली, शिमला - 6 की राष्ट्रीय कैडेट कोर (एनसीसी) इकाई ने भारतीय राष्ट्रीय ध्वज के निर्माता श्री पिंगली वेंकय्या** को उनकी जयंती पर मंगलवार को **श्रद्धांजलि दी** और **हर घर तिरंगा अभियान** के तहत वेबसाइट https://harghartriranga.com और **Pin a Flag** के माध्यम से ऑनलाइन रजिस्ट्रेशन कर **हर घर तिरंगा प्रमाण पत्र** प्राप्त किये**। सीओई-जीडीसी संजौली, शिमला-6 के प्रिंसिपल डॉ सी बी मेहता और कमांडिंग ऑफिसर कर्नल राज गार्गी 7 एचपी पी इंडिपेंडेंट कम्पनी एनसीसी शिमला** ने बताया कि केंद्रीय संस्कृति मंत्रालय और राज्य सरकार मिलकर इस **महा -अभियान** को सफल बनाने की दिशा में हर संभव प्रयास कर रही है ताकि देश के प्रत्येक नागरिक के अंदर स्वतंत्रता आंदोलन और राष्ट्रीय ध्वज के प्रति जुड़ाव और लगाव और अधिक गहरा हो। उन्होंने कहा कि **सीओई-जीडीसी संजौली, शिमला की राष्ट्रीय कैडेट कोर 7 एच पी इंडिपेंडेंट कम्पनी के कैडेट्स "हर घर तिरंगा अभियान"** में महत्वपूर्ण भूमिका निभा रहें हैं और विभिन्न सोशल मीडिया स्रोतों के माध्यम से आमजन को भी अपने घरों पर राष्ट्रध्वज फहराने को प्रेरित कर रहें हैं।

<u>Participation : 50 (SD/SW & ANO)</u>






